RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 22 नवंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 210 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## 'मैं मुख्यमंत्री के आने से नहीं डरता'
### ठाणे पहुंचे जरांगे पाटिल की
## महाराष्ट्र सरकार को चेतावनी

**मुंबई :** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन कर चुके जरांगे पाटिल अब मराठाओं के स्टार नेता बन चुके हैं. उन्होंने भले ही महाराष्ट्र सरकार के आश्वासन पर अपनी भूख हड़ताल दिसंबर तक रोक दी है, लेकिन वह पूरे महाराष्ट्र में दौरे कर रहे हैं. इस दौरान पाटिल मराठाओं को एकजुट करने और आरक्षण लेने के लिए शहर- शहर सभाएं कर रहे हैं. इस बीच वह मंगलवार (21 नवंबर) को मुंबई से सटे और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के शहर ठाणे पहुंचे. यहां भी उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया. पाटिल ने अपने भाषण में कहा, "मैं मुख्यमंत्री के शहर आने से नहीं डरता. भले ही मुझे रोकने की कोशिश की जाए."



भाषण के दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की तारीफ करते हुए पाटिल ने कहा कि उनमें निर्णय लेने की क्षमता है. अगर वे आरक्षण देंगे तो हम उन्हें सिर पर बैठाकर रखेंगे, लेकिन आरक्षण समय पर मिलना चाहिए. उन्होंने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि अगर महाराष्ट्र सरकार 24 दिसंबर तक मराठा आरक्षण के मुद्दे पर निर्णय नहीं लेती है तो इसके बाद बैठक कर आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा. जरांगे पाटिल ने मराठा कुनबी आरक्षण के मुद्दे को लेकर अपने खिलाफ बोलने वाले नेताओं और ओबीसी आरक्षण की तरफदारी करने वालों पर कटाक्ष किया और कहा कि एक मंत्री आए और बोले कुनबी सर्टिफिकेट नहीं दिया जा सकता. मैंने उनसे कहा कि आपकी जाति ओबीसी में कैसे चली गई, चली गई और कभी वापस नहीं आई.

### 'मैं कोई गलती नहीं कर रहा'

उल्लेखनीय है कि जरांगे अपनी सभाओं में मराठाओं को एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं और सबको आरक्षण के खिलाफ बोलने की सलाह दे रहे हैं. उनका कहना है, मैं कोई गलती नहीं कर रहा हूं. मैं अपना सब कुछ दांव पर लगा कर मराठा आरक्षण के लिए लड़ रहा हूं और अब मुझे महाराष्ट्र के सभी मराठाओं का साथ चाहिए."

## दिल्ली, मुंबई, लखनऊ में एसोसिएट्स जनरल की
## 752 करोड़ की संपत्ति जब्त!

गांधी परिवार से जुड़ी कंपनी एसोसिएट्स जनरल लिमिटेड की दिल्ली, मुंबई व लखनऊ स्थित 751.90 करोड़ रुपये की संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक इसमें लखनऊ के कैसरबाग स्थित दो बेशकीमती संपत्तियां भी शामिल हैं। ईडी के मुताबिक अपराध के जरिए अर्जित रकम से एसोसिट्स जनरल की 661.69 करोड़ रुपये और मेसर्स यंग इंडियन कंपनी की एसोसिएट्स जनरल के इक्विटी शेयर्स की 90.21 करोड़ रुपये की संपत्तियों को जब्त किया गया है।




बता दें कि ईडी ने जून, 2014 में इस प्रकरण की जांच शुरू की थी। बाद में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को पूछताछ के लिए जांच एजेंसी ने तलब भी किया था। जांच में सामने आया कि एसोसिएट्स जनरल ने धोखाधड़ी करके दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, पटना, इंदौर, भोपाल, चंडीगढ़ समेत कई शहरों में बेशकीमती संपत्तियों को हासिल किया। दरअसल, दिल्ली के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने एक निजी शिकायत का संज्ञान लेते हुए इस मामले की जांच का आदेश दिया था। अदालत ने माना था कि मेसर्स यंग इंडिया सहित सात आरोपियों ने प्रथमदृष्टया आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी और बेईमानी की है। उन्होंने जमीनों अधिग्रहण के लिए आपराधिक साजिश रची और सैकड़ों करोड़ रुपये की संपत्ति हासिल की। मेसर्स एसोसिएट्स जनरल को अखबारों के प्रकाशन के लिए देश के विभिन्न शहरों में रियायती दरों पर जमीन दी गई थी। कंपनी ने 2008 में अपना प्रकाशन कार्य बंद कर दिया और संपत्तियों का व्यवसायिक उपयोग करना शुरू कर दिया। एसोसिएट्स जनरल को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) को 90.21 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाना था।

हालांकि एआईसीसी ने 90.21 करोड़ रुपये के इस कर्ज को एसोसिएट्स जनरल से गैर-वसूली योग्य माना और बिना किसी स्रोत के इसे एक नई निगमित कंपनी मैसर्स यंग इंडियन को 50 लाख रुपये में बेच दिया।


### मुंबई में हत्या का आरोपी गिरफ्तार, सूटकेस में मिला था महिला का शव



**मुंबई :** मध्य मुंबई के कुर्ला में दो दिन पहले एक सूटकेस में एक महिला का शव पाये जाने के बाद, शहर की पुलिस ने उसकी हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी का महिला से प्रेम संबंध था। पुलिस ने बताया कि शांति नगर में सीएसटी मार्ग पर रविवार को एक लावारिस सूटकेस से 25 वर्षीय महिला का शव बरामद किया गया था। शांति नगर में मेट्रो परियोजना का कार्य हो रहा है। एक अधिकारी ने बताया, "कुर्ला थाने में, हत्या का मामला दर्ज किया गया था और मुंबई पुलिस की अपराध शाखा की इकाई-5 भी मामले की जांच कर रही थी।"

## अकोला में लव मैरिज को लेकर बवाल
### दो गुट भिड़े, बरसाए पत्थर, 14 पर केस दर्ज

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के अकोला के संवेदनशील अकोट फेल इलाके में प्रेम विवाह को लेकर बीती रात जमकर उपद्रव हुआ। दो गुटों के आमने-सामने आ जाने से इलाके में कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गयी। एक गुट ने दूसरे गुट के घरों पर पथराव किया। जिसके बाद मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंचा और पूरे इलाके में स्थिति पर काबू खबरों के मुताबिक यह घटना अवैध शराब की दुकान और प्रेम विवाह के चलते हुई है। एक समूह द्वारा दूसरे समूह की बस्ती पर पथराव किया गया। जिसके बाद दोनों गुट आमने-सामने आ गए तनाव का माहौल बन गया। घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। फिलहाल अकोटफेल इलाके में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। कामकाज सुचारू रूप से शुरू हो गया हैं। अब तक एक दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है।




**6 महीने पहले हुआ था दंगा**

छह महीने पहले अकोला में दो गुटों के बीच दंगा भड़क गया था। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। जिसके बाद पांच दिन कर्फ्यू लगाया गया था। राज्य के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस अकोला के संरक्षक मंत्री हैं। फिलहाल अकोला में अन्य संवेदनशील इलाकों में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है। हालांकि शहर में हालात फिलहाल नियंत्रण में है, लेकिन शहर में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।

### 14 लोगों पर केस दर्ज...

पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार की रात को अकोट फेल पुलिस थाना क्षेत्र के भीमनगर और पड़ोसी कादरी पुरा चौक पर हुई। घटना के बाद शहर के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने कहा कि दोनों पक्षों के 14 लोगों पर दंगा करने का मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने कहा कि नशे में धुत एक व्यक्ति ने भीमनगर में कुछ लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया, जिससे इलाके में तनाव बढ़ा। दोनों गुटों ने कुछ घरों पर पथराव किया। दोनों पक्षों के सात-सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फिलहाल शहर में स्थिति नियंत्रण में है और नागरिकों से अनुरोध है कि वे किसी भी अफवाह पर विश्वास न करें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## आगामी लोकसभा
## चुनाव की योजना
### देवेन्द्र फड़णवीस पर बड़ी जिम्मेदारी...

**महाराष्ट्र :** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में बीजेपी ने जोरदार तैयारी शुरू कर दी है. महाराष्ट्र में लड़ाई अभी से गरमा गई है. ऐसा लगता है कि बीजेपी ने रणनीति बना ली है और उस पर अमल भी शुरू कर दिया है. बीजेपी के दिग्गज नेता और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है. बीजेपी ने एक मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया है और फड़णवीस प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे. अगले साल लोकसभा चुनाव होंगे. अभी से सभी राजनीतिक पार्टियां रणनीति बनाने में जुट गई हैं. बीजेपी ने एक कदम आगे बढ़ाया है. पिछले डेढ़-दो साल से पूरे देश की राजनीति महाराष्ट्र के इर्द-गिर्द घूमती रहती है, जहां से सीधे क्रियान्वयन की शुरूआत होती दिख रही है. यह मार्गदर्शन शिविर मुंबई के भयंदर उत्तन में रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी में आयोजित किया जाएगा। यह अगले दो दिनों तक चलेगा और इसमें बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले और विनोद तावड़े का मार्गदर्शन भी देवेन्द्र फड़णवीस करेंगे. इस शिविर में राज्य के सभी लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख शामिल होंगे.



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### क्रिकेट की अनहोनी

टीम इंडिया 'अजेय चैम्पियन' नहीं बन सकी। एकदिनी क्रिकेट का विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया बना, जो पांच बार इस खिताब को जीत चुका था और फाइनल मुकाबले के दबावों तथा मनोविज्ञान को अच्छी तरह जानता था। टीम इंडिया कई फाइनल मुकाबले खेल चुकी है, लेकिन आखिरी चरण में उसके हाथ-पांव फूलने लगते हैं, नतीजतन 2013 में 'आईसीसी चैम्पियन्स ट्रॉफी' जीतने के बाद आज तक टीम इंडिया कोई विश्व-खिताब नहीं जीत पाई है। बेशक 'विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप' हो या टी-20 मुकाबलों के फाइनल हों, टीम इंडिया की परिणति और नियति 'उपविजेता' वाली हो गई है। बेशक टीम इंडिया ने एकदिनी क्रिकेट के विश्व कप में 10 लीग मैच और एक सेमीफाइनल मैच एकतरफा और निरंतर जीते थे, लिहाजा 'अजेय' मानना गलत नहीं था। हमने ऑस्ट्रेलिया समेत विश्व की तमाम श्रेष्ठ टीमों को पराजित किया। यह कोई तुक्का नहीं था। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज एवं 'प्लेयर ऑफ दि टूनार्मेंट' विराट कोहली (765 रन), सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज मुहम्मद शमी (24 विकेट) और बुमराह (20 विकेट) और सर्वश्रेष्ठ कप्तान रोहित शर्मा (597 रन) आदि के सम्मान-पुरस्कार भी हमारे हिस्से आए, लेकिन कुछ तो गलत गणनाएं हुई थीं कि हम 'विश्व विजेता' नहीं बन पाए। विश्व के नंबर वन बल्लेबाज आज भी शुभमन गिल हैं और चौथे-पांचवें स्थान पर क्रमशः विराट कोहली और रोहित शर्मा हैं। सिराज आज भी विश्व के नंबर 2 के गेंदबाज हैं। बल्लेबाजों के वर्ग में पहले पांच स्थान पर ऑस्ट्रेलिया का कोई भी बल्लेबाज नहीं है।

टीम इंडिया ने विश्व कप में कुल 3160 रन बनाए हैं। यह भी सर्वाधिक हैं। ये कोई सामान्य आंकड़े नहीं हैं। फिर भी सवाल हो सकता है कि फाइनल में रवीन्द्र जडेजा और कुलदीप यादव की स्पिन गेंदबाजी का वह करिश्मा कहां काफूर हो गया, जो पूरे टूनार्मेंट के दौरान आतंक और आश्चर्य बना हुआ था? सवाल हमारी धीमी बल्लेबाजी पर भी स्वाभाविक है, क्योंकि तीन विकेट गिरने के बाद हमारे बल्लेबाजों ने 20 ओवर में सिर्फ 72 रन ही बनाए? खेल के 40 ओवर में एक भी छक्का नहीं लगा। आखिरी 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 43 रन ही बन पाए! सूर्यकुमार यादव अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी साबित नहीं कर पाए। दिलचस्प यह है कि बुमराह और शमी ने 47 रन पर ही ऑस्ट्रेलिया के 3 विकेट उखाड़ दिए थे, लेकिन उसके बाद ट्रेविस हेड (137 रन) और लाबुशेन (नाबाद 58 रन) की शतकीय साझेदारी ने हमारा सपना 'छन' से तोड़ दिया। 'अजेय चैम्पियन' बनने की उम्मीदें और सच भी छीन लिए। आघात जरूर लगा है, लेकिन यह निराशा का वक्त नहीं है। इसकी समीक्षा भी खुद हमारे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों को करनी चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए।

अभी तो हमारी अपनी जमीन पर 'विश्व विजेता' ऑस्ट्रेलिया के साथ टीम इंडिया को टी-20 की सीरीज खेलनी है। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका भी जाना है। 2025 में 'चैम्पियन्स ट्रॉफी' प्रतियोगिता विश्व कप से कमतर नहीं है। यह हमारे खिलाड़ियों की टांग खींचने का भी वक्त नहीं है। टीम इंडिया के 11 चेहरों ने मैदान पर विलक्षणता दिखाई है और भारत के बारे में बड़ी तस्वीर पेश की है। प्रधानमंत्री मोदी ने ठीक ही कहा है कि हमें आज भी अपनी टीम पर गर्व है। हम आज भी टीम के साथ हैं और आगे भी रहेंगे। यह खेल-भावना का संदर्भ और सरोकार है। कमोबेश 19 नवम्बर हमारा दिन नहीं था। इस खेल ने यह भावना पेश की है कि भारत समग्रता में एक राष्ट्र है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई, ठाणे, पालघर समेत महाराष्ट्र रेरा ने फरवरी में रजिस्टर्ड 248 प्रॉजेक्ट की बिक्री पर लगाई रोक



**मुंबई:** 2023 के जनवरी में रजिस्टर्ड प्रॉजेक्ट पर सख्ती बरतने के बाद फरवरी में लॉन्च हुए प्रॉजेक्ट भी प्रशासन के रडार पर आ गए हैं। प्रॉजेक्ट लॉन्च करने के बाद हर तीन महीने पर आवश्यक जानकारी मुहैया नहीं करवाना 248 प्रॉजेक्ट मालिकों को महंगा पड़ रहा है। नियमों का पालन नहीं करने वाले 248 प्रॉजेक्ट का रजिस्ट्रेशन क्रमांक महाराष्ट्र रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (महारेरा) ने स्थगित कर दिया है। रेरा के फैसले के बाद इन प्रॉजेक्ट के घरों की बिक्री और विज्ञापन पर रोक लग गई है। फरवरी के साथ ही मार्च में रजिस्टर्ड 224 प्रॉजेक्ट का भी रजिस्ट्रेशन क्रमांक स्थगित करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। रेरा के अनुसार, फरवरी में कुल 700 प्रॉजेक्ट का रजिस्ट्रेशन हुआ था, 700 में से 248 प्रॉजेक्ट की कोई जानकारी रेरा को प्राप्त नहीं हुई है। इस कारण प्रॉजेक्ट के घरों की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इसी तरह मार्च में भी रजिस्टर्ड 224 का कोई डिटेल अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। 224 प्रॉजेक्ट को 30 दिन में भीतर जरूरी विवरण उपलब्ध करवाने को कहा गया है। जानकारी नहीं मिलने में 224 प्रॉजेक्ट का भी रजिस्ट्रेशन क्रमांक भी स्थगित कर दिया जाएगा। घरों की खरीदारी के साथ होने वाले धोखे को रोकने के लिए रेरा ने इस वर्ष रजिस्टर्ड प्रॉजेक्ट के साथ सख्ती से निपट रहा है। कुछ महीने पर जनवरी में रजिस्टर्ड हुए 363 प्रॉजेक्ट का रजिस्ट्रेशन क्रमांक रेरा ने स्थगित कर दिया था। जिन प्रॉजेक्ट की बिक्री पर रोक लगी है, उनमें मुंबई शहर के 7 और उपनगर के 13 प्रॉजेक्ट शामिल हैं। वहीं एमएमआर के 99 प्रॉजेक्ट का रजिस्ट्रेशन स्थगित किया गया है।

**क्या है नियम**

नियम के अनुसार, प्रॉजेक्ट का रजिस्ट्रेशन होने के बाद हर तीन महीने में बिल्डर को प्रॉजेक्ट में हुए खर्च, कितने घर बेचे, कितनी पार्किंग बिकी समेत अन्य जानकारियां हर तीन महीने में रेरा को उपलब्ध करवानी होती हैं। रेरा द्वारा यह जानकारी वेबसाइट पर अपलोड की जाती है। इस तरीके से ग्राहक घर बैठे प्रॉजेक्ट की पूरी जानकारी हासिल कर सकते हैं।

**कहां कितने प्रॉजेक्ट स्थगित**

मुंबई शहर 7
मुंबई उपनगर 13
ठाणे 39
पालघर 19
रायगड 14

# मुंबई की लाइफ लाईन कही जाने वाली बेस्ट को शिवसेना उबठा गुट ने बसों को बड़ने के लिया की मांग

## शिवसेना शिष्ट मंडल अनिल पाटणकर के नेतृत्व मे मनपा आयुक्त से पत्र देकर कि मांग



**मुंबई (फिरोज सिस्सिकी)** पूर्व बेस्ट समिति अधक्षो ने किया मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल से मुलाकात । बेस्ट काफिले मे अतिरिक्त बसे बढ़ाने की किया मांग । गौरतलब हो की 2025 तक बेस्ट बसो के काफिले मे मौजूद 1686 बसे है जो भंगार होने के कगार पर है।

पूर्व मनपा आयुक्त परवीन परदेशी के बीच हुए करार के तहत बेस्ट के काफिले मे 3,333 स्वयं की निजी बसे खरीदने पर करार हुआ था । वही दूसरी ओर बकाया बसे कंट्राक पर होना चाहिए । जिसके लिए मनपा बेस्ट को 100 करोड़ रुपए देगा। ऐसा पत्र पूर्व विधायक, पार्याटन मंत्री आदित्य ठाकरे ने राज्यपाल को पत्र लिखकर मांग कर चुके है।

उल्लेखनीय तौर पर इस मामले को लेकर पूर्व बेस्ट समिति अधक्षो ने अनिल रामचंद्र पाटाणकार आशीष चेंबूरकर, अनिल कोकिल सहित बेस्ट कामगार सेनेचे अध्यक्ष सुहास सामंत ,सरचिटणीस रंजन चौधरी, उपाध्यक्ष उमेश सारंग, मनोहर जुन्नरे, गणेश शिंदे शिष्ट मंडल ने पत्र देकर बेस्ट काफिले मे अतिरिक्त बसो को बढ़ाने की मांग किया है ।

# गोवंडी शिवाजी नगर मे बोगस डॉक्टर गिरफ्तार

## क्राईम ब्रांच पोलिस कर्मियों को मिली कामयाबी



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** गोवंडी शिवाजीनगर मे बोगस डॉक्टरों की बड़े पैमाने पर भरमार होने के कारण भोले भाले गरीब मरिजो की जिंदगी के साथ खिलवाड करते चले आ रहे है । मुंबई क्राइम ब्रांच यूनिट . 6 के पोलिस कर्मियों ने एक गुप्त सूचना के आधार पर गोवंडी शिवाजी नगर मे पिछले कई वर्षो से डिस्पेंसरी के जरिये मरिजो की जिंदगी के साथ खिलवाड करने वाले बारहवी पास डॉक्टर को पोलिस ने गिरफ्तार करने मे कामयाब हुई है ।

क्राईम ब्रांच सूत्रों के अनुसार क्राईम ब्रांच के प्रभारी पोलिस इंस्पेक्टर रविंद्र सालुंके को गुप्त खबर मिली थी। पिछले कई वर्षो से बगैर डिग्री के अल्ताफ हुसैन महोम्मद निजाम खान 50 वर्ष मरीजो की जिंदगी के साथ खिलवाड कर रहा था। पोलिस की जांच मे आरोपी डॉक्टर के पास कोई भी मेडिसिन से जुड़ी डिग्री नहीं थी। कहा जाता है की सिर्फ 12 वी पास डॉक्टर सर्दी जुखाम बुखार का इलाज करता था। क्राईम ब्रांच पोलिस अधिकारियो ने फर्जी मरीज बनकर डॉक्टर को दवाई देते रंगे हाथो गिरफ्तार किया।

दूसरी ओर हर साल दो एक झोला छाप डॉक्टर पोलिस के हत्थे चढ़ते आये है। उसके बावजूद फर्जी डॉक्टरों कि संख्या मे कोई कमी होते नही दिखाई दे रही है ।



# मुंबई में चलेगी इलेक्ट्रिक वॉटर टैक्सी... बेलापुर से एलिफेंटा तक का सफर होगा और मजेदार

**मुंबई :** देशभर में इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन बढ़ा है। अब अलग-अलग राज्यों में हर जगह इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है, चाहे वह सार्वजनिक परिवहन हो या निजी वाहन। अधिक से अधिक लोग इलेक्ट्रिक वाहन भी अपना रहे हैं। वहीं, पर्यावरण को बचाने और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार द्वारा पिछले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाया जा रहा है।

**मुंबई के समंदर में चलेगी इलेक्ट्रिक वॉटर टैक्सी**

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में इलेक्ट्रिक वाहनों पर ध्यान दिया जा रहा है। विशेष रूप से, सार्वजनिक परिवहन में बसों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने की प्रक्रिया चल रही है और अब मुंबई के समुद्र में भी इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग किया जाएगा। इसी कड़ी में दिसंबर से मुंबई में समुद्री मार्गों पर इलेक्ट्रिक वॉटर टैक्सी चलेगी।

**दिसंबर से शुरू होगी इलेक्ट्रिक वॉटर टैक्सी**

पिछले कुछ वर्षों में मुंबई की सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं में भी बड़े बदलाव आए हैं। इस बड़े बदलाव में इलेक्ट्रिक वाहन बड़ी



भूमिका निभा रहे हैं। दिसंबर से मुंबई में इलेक्ट्रिक टैक्सियां चलने लगेंगी। यह टैक्सी दक्षिण मुंबई में नवी मुंबई मार्ग पर बेलापुर और गेटवे ऑफ इंडिया के बीच संचालित की जाएगी।

**ये हैं खूबियां**

यह टैक्सी इन्फिनिटी हार्बर सर्विस द्वारा संचालित की जाएगी। जिसमें फिलहाल 50 नावें तैयार की गई हैं. इनमें से 2 नावों का परीक्षण गोवा में और 2 नावों का परीक्षण कोच्चि में किया जा रहा है. वहीं यह वॉटर टैक्सी 24 सीटर होगी, इस वॉटर टैक्सी की कीमत करीब 2.8 करोड़ रुपये है. यह इलेक्ट्रिक वॉटर टैक्सी 12 नॉट की स्पीड से समुद्र के अंदर यात्रा कर सकती है। यह टैक्सी एक बार चार्ज करने पर लगातार चार घंटे तक चल सकती है।

**नवी मुंबई का सफर आसान होने वाला है**

वॉटर टैक्सी शुरू होने से यात्रियों के लिए मुंबई का सफर और भी आसान हो जाएगा. यह वॉटर टैक्सी नवी मुंबई के बीच का सफर एक घंटे में पूरा करेगी। इसके साथ ही इस टैक्सी के लॉन्च होने के बाद लोगों को और भी सुविधाएं मिलेंगी और उन्हें यात्रा के लिए एक और विकल्प भी मिलेगा.

**इससे लाभ होगा**

विशेषज्ञों के अनुसार, इलेक्ट्रिक नाव इस मुंबई से बेलापुर मार्ग पर चलने वाली पहले की नावों की तुलना में छोटी है। इससे नाव का सिर्फ एक हिस्सा ही पानी में रहेगा. इसलिए, मुंबई-बेलापुर रूट पर चलने वाली वॉटर टैक्सियों पर असर पड़ने की संभावना बहुत कम है। पहले जल टैक्सियाँ इस चट्टान से टकराती थीं और टैक्सियाँ क्षतिग्रस्त हो जाती थीं। इसके चलते कुछ महीनों के लिए मुंबई-बेलापुर रूट पर टैक्सियां बंद कर दी गई। इनफिनिटी हार्बर सर्विस के प्रवक्ता के मुताबिक, गेटवे ऑफ इंडिया से टैक्सियों के परिचालन की अनुमति होगी।

# बीमार बुजुर्ग के शरीर से निकाला 710 बार खून और ठगे 14 लाख

## राजस्थान से आकर मुंबई में करते थे क्राइम...

**मुंबईः** क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो फर्जी यूनानी व आयुर्वेदिक डॉक्टर बनकर लोगों को ठगते थे। एक केस में इस गैंग ने एक बुजुर्ग का दो घंटे के अंदर 710 बार खून निकाला और उसके बाद उससे साढ़े 14 लाख रुपये ठग लिए। चौंकाने वाला यह मामला मुंबई का है। डीसीपी राज तिलक रौशन ने बताया कि उनकी टीम ने 4 लोगों को अब तक गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के कई अन्य लोगों की भी तलाश है। दक्षिण मुंबई के 61 साल के एक बिजनेसमैन को पिछले कई साल से ट्रेमर की बीमारी है। 11 नवंबर को वह बिजनेसमैन किसी काम से नरीमन पॉइंट गए हुए थे। तभी कुछ लोगों ने उनके शरीर को कंपकपाते देखा, तो पूछा कि कब से वह इस रोग से ग्रस्त हैं, किन-किन डॉक्टर का इलाज करवाया है। इसके बाद इस गिरोह के एक सदस्य ने खुद को यूनानी डॉक्टर बताया। कहा कि वह दो घंटे में बिजनेसमैन की बीमारी को पूरी तरह खत्म कर सकता है। क्राइम ब्रांच की यूनिट-तीन के सीनियर इंस्पेक्टर दीपक सुर्वे ने बताया कि बिजनेसमैन उसके ट्रैप में आ गया। वह इन लोगों को अपने घर ले गया। आरोपियों ने उसे लिटाया। फिर उसके शरीर में जगह-जगह मेटल कोन जोर से दबाया।

**मुल्तानी मिट्टी लगाई और बताया खून पीला**

मेटल कोन के दबाव में शरीर के अलग-अलग हिस्सों में खून जब जमा हो गया, तो आरोपी ने उस हिस्से में ब्लड हल्का सा लगाया। जैसे ही थोड़ा सा खून शरीर से बाहर आया, आरोपी ने अपनी जीभ से मुल्तानी मिट्टी वहां लगा दी। इस वजह से निकला खून पीला




दिखने लगा। आरोपी ने बिजनेसमैन से कहा कि आपके शरीर में बहुत गंदगी जमा हो गई थी। इस वजह से आपका खून पीला दिख रहा था, अब हमने उस गंदगी को निकाल दिया। अब आज से आपकी बीमारी एकदम दूर हो गई है। आप अब मौज करो। आरोपी ने उस दिन बिजनेसमैन का कुल 710 बार खून निकाला और बदले में उससे साढ़े 14 लाख रुपये कैश में ले लिए। बिजनेसमैन ने उस दौरान आरोपी से उसका मोबाइल नंबर भी ले लिया था।

**मोबाइल मिला बंद**

कुछ देर बाद बिजनेसमैन को लगा कि उसकी बीमारी तो जस की तस है। उसने उसका इलाज करने वाले को तत्काल फोन लगाया। लेकिन मोबाइल बंद था। बिजनेसमैन समझ गया कि उसे ठग लिया गया है। उसने पुलिस से संपर्क किया।

**ऐसे खुली 10 लोगों के गैंग की पोल**

क्राइम ब्रांच टीम ने फिर बंद मोबाइल, सीसीटीवी फुटेज व कुछ अन्य टैक्निकल इनपुट्स से आरोपी की लोकेशन ट्रैक करनी शुरू की। उसी में सीनियर इंस्पेक्टर दीपक सुर्वे व समीर मुजावर को आरोपी मोहम्मद शेरु शेख मालेगांव में एक तंबू में बैठा मिला। उससे पूछताछ में फिर भिवंडी, ठाणे के पास मनोर व अन्य जगह तंबुओं में ही मोहम्मद नफीस शरीफ, मोहम्मद आसिफ निसार और मोहम्मद आसिफ शरीफ गिरफ्तार हुए। इनसे पूछताछ में इनके दस और साथियों के नाम सामने आए हैं।

**राजस्थान से आकर कर रहे थे ठगी**

**गिरफ्तार और फरार सभी आरोपी राजस्थान के हैं। यह लोग इलाज के बहाने ठगी का यह धंधा देश के अलग-अलग शहरों में पिछले कई सालों से कर रहे हैं। यह लोग किसी अस्पताल के बाहर या किसी गार्डन में बैठे या घूम रहे किसी बुजुर्ग व्यक्ति को बीमार सा देखते थे, तो उनसे संपर्क करते थे और फिर उसी तरह इलाज के बहाने लोगों को ठगते थे, जिस तरह उन्होंने नरीमन पॉइंट के बिजनेसमैन को ठगा। ठगी से इतनी कमाई के बावजूद यह लोग किसी महंगे या सस्ते होटल में नहीं ठहरते थे, बल्कि किसी सुनसान इलाके में तंबू लगा देते थे और वहां सो जाते थे। यह लोग ठगी के बाद फौरन अपना सिम बदल देते थे। मुंबई क्राइम ब्रांच ने इनके पास से 9 मोबाइल फोन और कई सिम कार्ड जब्त किए हैं।**

# चंद्रशेखर बावनकुले ने एक रात में कसीनो में उड़ाए 3.5 करोड़?

## संजय राउत के पास महाराष्ट्र बीजेपी चीफ की 27 फोटो और 5 वीडियो



**मुंबई :** शिवसेना उद्धव गुट के सांसद संजय राउत ने सोमवार को सोशल मीडिया पर दोपहर 1 बजकर 12 मिनट पर एक फोटो पोस्ट की। कैप्शन लिखा 'महाराष्ट्र जल रहा है... और यह महाशय मकाऊ के कसीनो में जुआ खेल रहे हैं'। फोटो जूम करके देखिए ये वही हैं न? पिक्चर अभी बाकी है।' संजय राउत की इस पोस्ट से बीजेपी में खलबली मच गई, क्योंकि कसीनो (जुआ घर) की फोटो में बीजेपी के प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले दिखाई दे रहे हैं। 26 मिनट बाद राउत ने दूसरी पोस्ट की, जिसमें उसी फोटो पर उन्होंने लिखा, '19 नवंबर... आधी रात... मुक्काम पोस्ट मकाऊ वेनेशाइन... लगभग 3.50 करोड़ कसीनो के जुए में उड़ा दिए, ऐसा प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है। हिंदुत्ववादी होने के कारण अगर महाशय द्यूत (यानी जुआ) खेले तो क्या बिगड़ता है? ये वही हैं न...?

**बीजेपी ने दिया जवाब**

राउत की इन दो पोस्ट के बाद बीजेपी की तरफ से पहली प्रतिक्रिया आई, 'हमारे प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने जिंदगी में कभी जुआ नहीं खेला। जिस होटल में वह सपरिवार रुके, यह उस होटल का परिसर है। खैर जिनकी जिंदगी एक जुआ हो गई, उनकी नजर जुए के पार जा ही नहीं सकती। हमें सिर्फ इतना बताओ कि संजू भाई आदित्य के ग्लास में किस ब्रांड की व्हिस्की है?'

**बावनकुले की सफाई**

वहीं, फोटो में दिखाई दे रहे बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने सफाई दी, 'मैं मकाऊ में जिस होटल में सपरिवार रुका था, वहां का यह परिसर है। इस होटल के ग्राउंड फ्लोर पर रेस्ट्रॉन्ट और कसीनो एक ही है। खाना खाने के बाद मैं परिवार के साथ रेस्ट्रॉन्ट में बैठा था, तभी किसी ने यह फोटो खींचा है।'

# पीएम मोदी के साथ सीएम योगी को भी बम से उड़ाने की धमकी देने वाला आरोपी सलाखों के पीछे

**मुंबई :** बॉम्बे पुलिस कंट्रोल रूम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी भरा फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को दाऊद इब्राहिम का आदमी होने का दावा किया।

इससे पुलिस बल में हड़कंप मच गया। आखिरकार पुलिस ने जांच प्रक्रिया तेज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पिछले कुछ दिनों से मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम को लगातार धमकी भरे कॉल और ई-मेल आ रहे हैं. सोमवार रात करीब



एक अज्ञात व्यक्ति ने दोबारा कंट्रोल रूम में फोन किया। आरोपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी थी।

आरोपी यहीं नहीं रुका, उसने जेजे अस्पताल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी. आरोपी कॉल करने वाले ने दावा किया कि मैं कुख्यात गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम का आदमी हूं। इसलिए पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया। पुलिस ने तुरंत जांच पड़ताल किया और आरोपी का पता लगा लिया। इसके बाद चूनाभट्टी इलाके से 29 साल के एक संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी का नाम कामरान खान है और उसने यह धमकी किस मकसद से दी थी इसकी आजाद मैदान पुलिस जांच कर रही है।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक





# मुंबई के बिल्डर के खिलाफ प्रदूषण नियंत्रण दिशा-निर्देशों का पालन न करने पर मामला दर्ज...




**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार के लिए बंबई उच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों का कथित तौर पर पालन नहीं करने पर एक बिल्डर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महानगर में वायु प्रदूषण पर बढ़ती चिंताओं के बीच बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) द्वारा दायर शिकायत के आधार पर किसी बिल्डर के खिलाफ इस तरह की पहली प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अधिकारी के अनुसार, बिल्डर-भारत रियलिटी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, ने कथित तौर पर वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया।

उन्होंने बताया कि बीएमसी अधिकारियों ने पाया कि बिल्डर ने विले पार्ले इलाके में एक निर्माण स्थल पर वायु प्रदूषण को रोकने के लिए 25 फुट ऊंची टिन की चादरें नहीं लगाई थी। उन्होंने बताया कि इस पर संज्ञान लेते हुए बीएमसी ने काम रोकने का भी नोटिस जारी किया, लेकिन बिल्डर ने नियमों का पालन नहीं किया, जिसके बाद स्थानीय निकाय के एक अधिकारी ने सांताक्रूज पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 291 (आदेश के बाद भी उल्लंघन करना) के तहत सोमवार को प्राथमिकी दर्ज की गई।

# मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक: भाजपा ने किया उद्घाटन की तारीख का एलान

## एमएमआरडीए ने बोला- तब तक पूरा नहीं हो पाएगा निर्माण

**मुंबई :** भारत के सबसे लंबे समुद्री सेतु बताए जा रहे 'मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक' को अगले महीने लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। परियोजना पर काम कर रही एजेंसी का कहना है कि पुल का काम 97 फीसदी पूरा हो गया है। शेष बचे काम को भी तय समय तक पूरा कर लिया जाएगा। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई



ने दावा किया है कि मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक 25 दिसंबर को खोल दिया जाएगा। बता दें, एमटीएचएल शिवरी (मुंबई) और चिर्ले (नवी मुंबई) के बीच 21.8 किलोमीटर लंबा छह लेन वाला पुल है, जो दक्षिण मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ेगा। परियोजना का निर्माण मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) कर रहा है।

**70 हजार से अधिक वाहन...**

अधिकारियों ने कहा कि परियोजना के पूरी होने पर यह भारत में सबसे लंबा समुद्री पुल होगा, जिस पर से रोजाना 70 हजार से अधिक वाहन गुजरेंगे।

### यह काम होने शेष...

**भाजपा की महाराष्ट्र इकाई ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि अटल बिहारी वाजपेयी सी लिंक का उद्घाटन इस साल 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर किया जाएगा। हालांकि, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए जब एमएमआरडीए के एक सूत्र से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि सी लिंक का निर्माण कार्य लगभग 97 प्रतिशत पूरा हो चुका है। लेकिन विद्युतीकरण, पुल पर पोल लगाना, टोल बूथ और पूरी प्रणाली का एकीकरण करना बाकी है। पोल लगाने और अन्य कामों के लिए कुछ आदेश इस साल जून में ही जारी किए गए थे। परियोजना इस साल दिसंबर तक पूरी नहीं हो सकती।**

### राज्य सरकार ने अभी तक नहीं की कोई घोषणा

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ साल पहले परियोजना की आधारशिला रखी थी। कोविड-19 महामारी के दौरान इसका काम आंशिक रूप से प्रभावित हुआ था। सत्तारूढ़ भाजपा ने एमटीएचएल के उद्घाटन की तारीख घोषित कर दी है, लेकिन महाराष्ट्र सरकार ने इस बारे में अभी तक कोई घोषणा नहीं की है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस साल मई में एमटीएचएल का दौरा किया था और उन्होंने शेवरी-न्हावा शेवा ट्रांस हार्बर लिंक पर गाड़ी भी चलाई थी।**

# मुंबई में मेडिकल पास कराने के लिए मांगा जा रहा था घूस, भारतीय नौसेना अस्पताल का नाविक गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई के कोलाबा में सीबीआई ने भारतीय नौसेना अस्पताल स्टेशन (अश्विनी अस्पताल) के एक मेडिकल नाविक को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप था कि आरोपी अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच में पॉजिटिव मेडिकल रिपोर्ट लाने के लिए वह बशिकायत मिलने के बाद सीबीआई टीम ने आरोपी नाविक के घर की तलाशी ली।दले में अनुचित लाभ 30,000 रुपये की मांग कर रहा था। जिसमें सेना के उम्मीदवारों की मेडिकल परीक्षा से संबंधित कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी को सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और 22 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि संबंधिक मामले में जांच चल रही है।

# बिहार में जातीय जनगणना के बाद लागू हुआ 75 फीसदी आरक्षण, सरकार ने जारी किया नोटिफिकेशन...

**पटना :** नीतीश कुमार सरकार ने बिहार में आरक्षण का संशोधित प्रावधान लागू कर दिया है। इससे पहले प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने बिहार में आरक्षण बढ़ाने वाली नई रिजर्वेशन नीति को मंजूरी दे दी है। जिसके बाद सरकार ने गैजेट जारी करते हुए इसे 21 नवंबर 2023 (मंगलवार) से तत्काल रूप से लागू कर दिया है।

**अब ST, SC, OBC को मिलेगा 75% आरक्षण**

राज्य में आरक्षण का संशोधित प्रावधान लागू होने के बाद अब शिक्षण संस्थानों और नौकरी में अनुसूचित जाति/जनजाति, ईबीसी और ओबीसी को 75 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। बिहार सरकार ने



आरक्षण की सीमा में 15 फीसदी का इजाफा किया है। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार की बिहार सरकार द्वारा जातीय जनगणना के आंकड़े सामने आने के 50 दिनों के बाद अब राज्य में आरक्षण का संशोधित प्रावधान लागू कर दिया गया है।

**किसे मिलेगा कितना आरक्षण**

नए विधेयक के अनुसार, अनुसूचित जनजाति के लिए मौजूदा आरक्षण दोगुना कर किया जाएगा, जबकि अनुसूचित जाती के लिए इसे 16 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 फीसदी किया जाएगा। जबकि, ईबीसी के लिए आरक्षण 18 फीसदी से बढ़ाकर 25 प्रतिशत होगा। वहीं, ओबीसी के लिए आरक्षण को 12 फीसदी से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया जाएगा। इसके साथ ही सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाला 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान लागू रहेगा।

**नई रिजर्वेशन नीति इन विधेयकों को भी राज्यपाल ने दी मंजूरी**


उल्लेखनीय है कि राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने नई रिजर्वेशन नीति समेत अन्य तीन विधेयकों को भी हाल ही में मजूरी दे दी है। इनमें बिहार सचिवालय सेवा (संशोधन) विधेयक 2023, बिहार माल और सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2023 और बिहार विनियोग विधेयक 2023 शामिल है। इस विधेयक को राज्यपाल की स्वीकृति मिलने के बाद सरकार ने गजट प्रकाशित कर दिया था।

### राज्यपाल ने बिल पर लगाई मुहर

**सीएम नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 पेश किया था। इसमें आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 फीसदी करने का प्रावधान था। जो 9 नवंबर को विधानसभा और विधानपरिषद में पास हो गया, जिसे उसी दिन राज्य कैबिनेट ने भी मंजूरी दे दी थी। अब राज्यपाल ने भी इस पर मुहर लगा दी हैं। जिसके बाद इसे गजट में प्रकाशित करते हुए तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जानकारी के लिए बता दें कि राज्य में मुख्या विपक्षी पार्टी बीजेपी ने भी इस बिल को अपना समर्थन दिया था।**

# 10वीं और 12वीं परीक्षा का फाइनल टाइम टेबल घोषित...

## छात्र कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन



**महाराष्ट्र :** बोर्ड ने 10वीं और 12वीं परीक्षा को लेकर एक अहम अपडेट दिया है। 10वीं और 12वीं परीक्षा का फाइनल टाइम टेबल घोषित कर दिया गया। इसके मुताबिक 12वीं की परीक्षा 21 फरवरी से शुरू होगी, जबकि 10वीं की परीक्षा 1 मार्च से शुरू होगी. इस परीक्षा के लिए छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि सोमवार को समाप्त हो गई। इसके बाद, महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा एक परिपत्र जारी किया गया है। इसके बाद 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है।

10वीं के लिए एक्सटेंशन और 12वीं के लिए विलंब शुल्क के साथ आवेदन जमा करने की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। 10वीं कक्षा के लिए नियमित आवेदन की अवधि समाप्त हो चुकी है और अब यह अवधि 30 नवंबर तक बढ़ा दी गई है. बारहवीं कक्षा के लिए विलंब शुल्क के साथ 21 से 28 नवंबर तक आवेदन जमा किया जा सकता है। बोर्ड द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि जब तक आवेदन शुल्क का भुगतान नहीं किया जाएगा, संबंधित छात्रों के एडमिट कार्ड उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे। इस बीच, 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्र ऑनलाइन आवेदन पत्र भर सकते हैं। आधिकारिक वेबसाइट www.mhhsscbord.if विस्तृत विवरण देती है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com